लिए प्रेरित किया जाएगा।

पाटन कॉलेज में चार नए कोर्स प्रारंभ

पाटन @ पत्रिका . छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग के आदेशानुसार शासकीय चंदूलाल चंद्राकर कला एवं विज्ञान महाविद्यालय पाटन में चार नए कोर्स प्रारंभ होगें। इसमें बीसीए (बैचलर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन) और एमएसडब्ल्यू कोर्स भी शामिल हैं। ज्ञातव्य है कि इसी सत्र से एमए अंग्रेजी साहित्य के अलावा डीसीए (डिप्लोमा इन कंप्यूटर एप्लीकेशन) में भी विद्यार्थीयों को प्रवेश देने हेतु स्वीकृत्ति प्राप्त हुई है। जानकारी प्रभारी प्राचार्य शोभा श्रीवास्तव ने दी।